हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
6 जून 2026, ज्येष्ठ (अधिक) कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम संवत् 2083, बरेली

**PAGE NO : 07 MIDDLE**

# एसआरएमएस फाइटर ने मारी बाजी

**क्रिकेट**




एसआरएमएस समर कप की विजेता टीम के साथ बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी।

**बरेली।** एसआरएमएस समर कप के रोमांचक मुकाबले में एसआरएमएस फाइटर ने एसआरएमएस किंग्स को सुपर ओवर में हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच इतना रोमांचक रहा कि दोनों टीमें निर्धारित खेल में 158-158 रन बनाकर बराबरी पर रहीं, जिसके बाद विजेता का फैसला सुपर ओवर से हुआ।

पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस फाइटर की टीम 158 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में एसआरएमएस किंग्स ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 158 रन बनाए और मुकाबला टाई करा दिया। इसके बाद खेले गए सुपर ओवर में एसआरएमएस फाइटर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम कर ली। बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मोहम्मद सैफ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेता टीम व अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। बेस्ट बैट्समैन करन वर्मा, बेस्ट गेंदबाज अंश कुमार, मैन ऑफ द टूर्नामेंट श्रेयांश मौर्य बने।